कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, ...

क्रमांक / एफ2 / आयुक्त / 2009 / 111-116

दिनांक :- 9-1-09

कार्यालय आदेश

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा आज दिनांक 09.01.09 को प्रारूप शाखा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में निम्न त्रुटियां पायी गई :-

1. जोधपुर विकास प्राधिकरण के सम्पूर्ण योजना के मानचित्र निर्धारित स्थल पर नहीं रखे हुए थे सभी मानचित्र इधर-उधर स्थलों पर पाये गये साथ ही न्यास (जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा) जो संशोधित नक्शे पारित किये गये वो भी साथ में उपलब्ध नहीं थे।

2. कई योजनाओं के एक से अधिक नक्शे उपलब्ध थे जिससे यह ज्ञात नहीं किया जा सकता कि कौन-सा मैप सही है कौन-सा मैप गलत ?

3. प्रारूप शाखा में स्वीकृत मानचित्र की कितनी पत्रावलीयां प्राप्त होती है एवं कितने पत्रावलीयों मे विभिन्न टिप्पणीयां अंकित करके पुनः प्राप्त शाखा में लौटाई गई है इसका संधारण रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं हैं, यह एक गम्भीर प्रकरण है कि प्रारूप शाखा में किस योजना की एवं किन खसरों की पत्रावलीयां प्राप्त हुई कितने में मानचित्र स्वीकृत हुए इसकी जानकारी प्रारूप शाखा में नहीं जो एक खेद जनक विषय है।

अतः प्रभारी अधिकारी उप नगर नियोजक को निर्देश दिये जाते है कि प्रारूप शाखा में न्यास/जोधपुर विकास प्राधिकरण के योजना क्षेत्र के सम्पूर्ण मानचित्रों को व्यवस्थित करते हुए मास्टर रजिस्टर खेलते हुए प्रत्येक योजना के मानचित्र का ब्यौरा तैयार करे एवं एक से अधिक योजना क्षेत्र के मानचित्र हो तो उसका भी विवरण तैयार करें। अतः सम्पूर्ण निर्देशों की पालना रिपोर्ट शाखा प्रभारी अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को दिनांक 21.01.09 को व्यक्तिगत रूप से अवगत करावें।

आयुक्त
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर